

# बीकाणा रेल

हम भारतीय सभी भाषाओं का करते हैं सम्मान,
पर हिंदी ही है हमारी पहचान।



मंडल रेल प्रबंधक, बीकानेर डॉ. आशीष कुमार के निर्देशानुसार मंडल का रेल बुलेटिन राजभाषा विभाग द्वारा तिमाही रूप से तैयार किया गया। (अप्रैल 2024 से जून 2024)



# बीकाणा रेल

माननीय मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** दिनांक 21.06.24 को मंडल के बीकानेर रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया गया। जिसमें बीकानेर के माननीय सांसद श्री अर्जुनराम मेघवाल जी व रेल कर्मियों के साथ-साथ अन्य लोग भी शामिल हुए। माननीय सांसद द्वारा योग से जीवन में होने वाले शारीरिक व मानसिक महत्व के बारे में बताया गया इसके साथ प्रत्येक व्यक्ति को योग करने हेतु प्रेरित करते हुए योग क्रिया का अभ्यास किया गया।





दिनांक 05.06.24 को बीकानेर मंडल तथा मंडल के अधीन सभी स्टेशनों में **विश्व पर्यावरण दिवस** का आयोजन किया जिसमें बीकानेर मंडल में पर्यावरण संरक्षण की शपथ एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेलवे स्टेशन और कॉलोनियों से प्लास्टिक कचरा एकत्र करने और उसका उचित निपटान करने के लिए एक अभियान शुरू कर यात्रियों को स्टेशन व रेलवे कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों के सदस्य को कचरा ना फेलाने व उनका उचित निष्पादन करने हेतु प्रेरित किया गया। भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखापन पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु संदेश दिए गए।











# बीकाणा रेल

मंडल पर कार्यरत श्री सुखविंदर सिंह, टीटीआईकुमार हिसार तथा श्री सुरेश/, टीटीआई हिसार को वर्ष / 24-2023 में रेल सेवा के दौरान **उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत** किया गया। श्री सुखविंदर को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री महेश चंद जेवलिया तथा श्री सुरेश कुमार को मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुश्री उर्वशी शेखावत द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



## बीकानेर मंडल पर चल रहे विभिन्न निर्माण कार्य की झलकियां

भिवानी सिटी स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज का त्वरित निर्माण कर बीकानेर मंडल का सफल निष्पादन





इसी प्रकार रात्रि के समय कार्य निष्पादन रेवाड़ी - सादुलपुर सैक्शन समपार LC-100 Km 133/11-12







# बीकाणा रेल

दिनांक 21.05.24 को मंडल रेल प्रबंधक महोदय की अध्यक्षता में **बीकानेर स्पोर्ट काम्प्लेक्स में टेनिस कोर्ट का शुभारम्भ** किया गया जिसमें अपर मंडल रेल प्रबंधक महोदय ,वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी व अन्य अधिकारीगण शामिल हुए। मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने उपस्थित कर्मचारियों व अन्य आगंतुको को खेल की भूमिका के महत्व के बारे में बताया। इसके साथ-साथ श्री मान जी टेनिस खेल खेलते हुए उपस्थित सभी को प्रोत्साहित करने के साथ खिलाडियों के लिए प्रेरणा सूचक बने। मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा रेल स्पोर्ट काम्प्लेक्स में किये गए टेनिस कोर्ट के शुभारम्भ का कार्य बीकानेर मंडल व रेल प्रशासन के लिए अत्यंत शोभनीय कार्य रहा।







# बीकाणा रेल

दिनांक 17.05.24 को अपर मंडल रेल प्रबंधक महोदय की अध्यक्षता में बीकानेर मंडल के नियंत्रक कार्यालय में व्यवसाय विकास इकाई (BDU) बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (समन्वयक), वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, मंडल परिचालन प्रबंधक, मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सहायक वाणिज्य प्रबंधक शामिल हुए उक्त बैठक में व्यवसायी वर्ग से श्री आर.के.मीणा भारतीय खाद्य निगम (FCI ), श्री रमेश गर्ग मेसर्स जीवन राम पवन कुमार (दिल्ली), श्री बाल मुकुंद जग्गा व श्री रामनिवास - मैसर्स खंडेलिया आयल & जनरल गुड्स प्राइवेट लिमिटेड (श्री गंगानगर) शामिल हुए। उक्त बैठक में उपस्थित व्यापारियों द्वारा माल लोडिंग करने के सम्बन्ध में आने वाली समस्याओं जैसे स्थान एवं विलम्ब शुल्क, लोडिंग स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्यो के कारण लोडिंग में आ रही बाधाओं, रेक उपलब्धता सूचना तथा स्टेशनों पर लोडिंग हेतु रखे खाद्यान की सुरक्षा व्यवस्था आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया, जिनका रेल प्रशासन द्वारा जल्द निवारण करने तथा रेलवे की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए **लोडिंग बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित** किया गया।








# बीकाणा रेल

प्रचंड गर्मी में रेल यात्रिओं को राहत देने के लिए बीकानेर मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर रेलवे स्टाफ और सामाजिक संगठनो के साथ संयुक्त पहल द्वारा **यात्रिओं को ट्रेन में शुद्ध एवं शीतल नि:शुल्क पेयजल** उपलब्ध कराया जा रहा हैं तथा शीतल पेयजल हेतु माहेश्वरी सभा ट्रस्ट की और रतनगढ़ स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म नं 2/3 पर भी वाटर कूलर लगाया गया हैं ।





रतनगढ़ स्टेशन, यह बीकानेर मण्डल का दूसरा स्टेशन हैं, जिसे **FSSAI** द्वारा ईट राईट स्टेशन का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया हैं । इससे पूर्व बीकानेर स्टेशन को यह प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया था।



fssai

Ratangarh Jn. Railway Station

is certified as

Eat Right Station

as per guidelines established by

Food Safety and Standards Authority of India

for the period of 02 May, 2024 to 01 May, 2026

Implementation Partner | Auditing Partner | Training Partner

मण्डल के बीकानेर स्टेशन के यार्ड में **ऑटो और मैनुअल सुविधाओं के साथ** सीमेंस निर्मित एमएसडीएसी एसीएम-200 को चालू किया गया, जिसमें 39 डीपी हैं जो 26 ट्रैक सर्किटों को नियंत्रित करते हैं, जिससे ट्रेन संचालन में सुरक्षा में सुधार हुआ है।








# बीकाणा रेल

दिनांक 25.04.24 को मण्डल कार्यालय में पीसीई/एनडब्लूआर की अध्यक्षता में बीकानेर में सीपीएम/जीएसयू और सीनियर डीईएन/कंपनी के साथ मण्डल के सभी अनुभागीय सीनियर डीईएन/डीईएन, एक्सईएन और एडीईएन के साथ एक प्रदर्शन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तिय वर्ष 2023-24 की उपलब्धियों और वित्तिय वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों के साथ साथ योजना पर चर्चा की गई। पीसीई/एनडब्लूआर ने सभी एडीईएन के साथ उनके संबंधित उपविभागों में आने वाले विभिन्न मुद्दों और जीएसयू कार्यो और ट्रैक मशीन की प्रगति आदि में उत्पन्न होने वाली बाधाओं पर बातचीत की गई।






भीषण गर्मी में रेल यात्रियों को राहत देने के लिए बीकानेर मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर रेलवे स्टाफ द्वारा यात्रियों को ट्रेन में अप्रैल 2024 से नि:शुल्क जल उपलब्ध करवाया जा रहा है।









## हम भारतीय सभी भाषाओं का करते हैं सम्मान,
## पर हिंदी ही है हमारी पहचान।

मंडल रेल प्रबंधक, बीकानेर डॉ. आशीष कुमार के निर्देशानुसार मंडल का रेल बुलेटिन राजभाषा विभाग द्वारा तिमाही रूप से तैयार किया गया। (अप्रैल 2024 से जून 2024)